स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनुमंडल कार्यालय, समस्तीपुर
(सामान्य प्रशाखा)

दुरभाष सं0– 06274 222099 (का0)
06274 222199 (आ0)
Email-
sdm.samastipur@gmail.com

विज्ञापन सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समस्तीपुर सदर अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड समस्तीपुर, खानपुर एवं ताजपुर के भिन्न–भिन्न पंचायतों में कुल 03 (तीन) विकास मित्रों का पद रिक्त है। रिक्त स्वीकृत पदों के विरुद्ध नियोजन हेतु संबंधित पंचायत के महादलित जातियों में सर्वाधिक बाहुलता प्राप्त वह जाति जो पूर्व के सर्वेक्षण द्वारा निर्धारित है, के अभ्यर्थियों से दिनांक 17.12.2022 से दिनांक 31.12.2022 तक संबंधित प्रखंड मुख्यालय के कार्यालय के कार्यावधि (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त किया जाना है। चयन हेतु अर्हता/योग्यता संबंधी विशेष जानकारी एवं आवेदन–पत्र का प्रपत्र बिहार महादलित विकास मिशन के बेवसाईट www.mahadalitmission.org पर उपलब्ध है।

विकास मित्र की रिक्तियों का विवरण

क्र0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	स्वीकृत बल	बहुलता प्राप्त जाति एवं कोटि
1	समस्तीपुर	विशनपुर	01 (एक)	चमार (सामान्य)
2	खानपुर	बछौली	01 (एक)	चमार (सामान्य)
3	ताजपुर	फतेहपुरवाला	01 (एक)	चमार (सामान्य)

कुल :–03 (तीन)

चयन हेतु योग्यता :–

1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी।
2. महादलित आवेदक की उम्र दिनांक 01.01.2022 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होगी।
3. प्रत्येक पंचायत एवं कलस्टर में महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।
4. आवेदक महादलित परिवार से होगा। पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) में जिस महादलित जाति की बहुलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।
5. जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जाएगा एवं चयन किया जाएगा।

नियोजन की गतिविधियाँ एवं समयावधि

कार्यक्रम	दिनांक
अनुमंडल स्तर पर विकास मित्र चयन समिति का गठन	14.12.2022
संबंधित प्रखंड में आवेदन प्राप्त करना	17.12.2022 से 31.12.2022 तक
प्रखंड स्तर पर मेधा सूची का प्रकाशन	02.01.2023
अनुमंडल स्तर पर मेधा सूची का प्रकाशन एवं आपत्ति प्राप्त करना	04.01.2023 एवं 05.01.2023 तक
आपत्ति निराकरण	06.01.2023 से 07.01.2023 तक
चयन सूची का प्रकाशन	08.01.2023
नियोजन–पत्र वितरण/शपथ ग्रहण एवं उन्मुखीकरण	09.01.2023

रिक्त पद पर नियोजन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार महादलित विकास मिशन–सह–सचिव अनु०जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 2376, दिनांक 11.11.2022 विकास मित्र चयन मार्गदर्शिका (पंचम चरण) एवं समय–समय पर निर्गत पत्र के द्वारा निदेश के आलोक में किया जायेगा।

विश्वासभाजन

10/12/22

अनुमंडल पदाधिकारी,
समस्तीपुर।